पंचायतें

२९६. सेठ गोविंद दास : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि किन किन राज्यों में पंचायतें नहीं हैं ?

The Minister of Health (Rajkumari Amrit Kaur): Ajmer and Tripura.

यात्रा की सुविधायें

२९७. सेठ गोविंद दास : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि निम्नलिखित श्रेणियों के एकाकी यात्रियों को गाड़ियों में क्या क्या सुविधायें दी गई हैं :

(क) पत्रकार

(ख) विद्यार्थी

(ग) अध्यापक

(घ) तीर्थयात्री

(ङ) प्रदर्शिनी को देखने के लिये जाने वाले, और

(च) सम्मेलनों में भाग लेने वाले प्रतिनिधि तथा प्रेक्षक ।

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन): रेल में अकेले यात्रा करते समय प्रश्न में दी गयी विभिन्न श्रेणियों को रेल-भाड़े के सिवाय और कोई विशेष सुविधा नहीं दी जाती है ।

रियायत देने के सम्बन्ध में स्थिति इस प्रकार है :

(क) भारत सरकार द्वारा प्रमाणित दिल्ली के प्रेस संवाददाताओं को पहले और दूसरे दर्जे के लिये रियायती दर पर मील-कूपन दिये जाते हैं ।

(ख) और (ग) । अकेले यात्रा करने पर विद्यार्थियों और अध्यापकों को कोई रियायत नहीं दी जाती है ।

(घ) यदि व्यवसायिक दृष्टि से उचित हो और यातायात की सुविधायें दी जा सकती हों, तो उत्सवों और मेलों में जाने वाले यात्रियों को ड्योढ़ और तीसरे दर्जे के रियायती वापसी टिकट दिये जाते हैं ।

(ङ) केवल कुछ विशेष स्थितियों को छोड़ कर साधारणतया प्रदर्शनी देखने जाने वालों को कोई रियायत नहीं दी गयी है ।

(च) शिक्षा, संस्कृति और समाज-सम्बन्धी दृष्टि से महत्वपूर्ण कुछ विशेष अखिल भारतीय संस्थाओं के वार्षिक अधिवेशनों में जाने वाले लोगों को रियायती वापसी टिकट दिये जाते हैं ।

रेलवे दुर्घटनायें

२९८. सेठ गोविंद दास : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सितम्बर, १९५४, में कितनी ऐसी रेलवे दुर्घटनाएं हुई जिनमें जन-हानि हुई, और

(ख) इन में कितनी दुर्घटनाओं के बारे में विशेष रूप से जांच की गई ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन): (क) तीन रेल दुर्घटनाएं, अर्थात् मध्य, उत्तर और पश्चिम रेलों पर एक एक ।

(ख) सरकारी रेलवे इन्स्पेक्टरों द्वारा इन तीनों दुर्घटनाओं की जांच की गयी थी ।

POSTS AND TELEGRAPHS DEPARTMENTAL EXAMINATIONS

299. Shri Tushar Chatterjea: Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether there are uniform rules governing all the departmental examinations under the Posts and Telegraphs Department;

(b) if so, whether such rules apply to the Posts and Telegraphs Accountants' Service Examination and also to the Subordinate Accounts Service Examination;

(c) whether it is a fact that in the matter of securing exemption marks in a particular subject, some difference is maintained between the above two examinations; and

(d) if so, the reasons therefor?